OM -21- 2018 DELHI FINAL_Page 1 and 2 1/9/2019 9:28 AM Page 12



### ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश 'भाई जी' की तृतीय पुण्य तिथि पर मीडिया संवाद कार्यक्रम

# मूल्य आधारित मीडिया की समय को ज़रूरत

**इंदौर-म.प्र.।** समाज के मूल्यों में परिवर्तन आया है। उससे पत्रकारिता का क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है। अब वह मानवीय मूल्यों के बजाय उपभोक्ता मूल्यों पर अधिक केन्द्रित है। पर इसका यह अर्थ नहीं है कि सब कुछ समाप्त हो गया है। एक छोटा सा दीपक भी अंधेरे को मिटाने के लिए काफी होता है। हम सबको मिलकर कुछ ऐसा करना होगा जिससे पत्रकारिता एक अच्छे समाज के निर्माण में सहयोगी बन सके। उक्त विचार **पत्रिका के सम्पादक अमित मंडलोई** ने ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग के पूर्व प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंदौर ज़ोन के निदेशक दिवंगत ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाई जी की तृतीय पुण्य तिथि पर ज्ञान शिखर सभागार में 'मूल्य आधारित मीडिया, संभावना और चुनौतियां' विषय पर आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। **कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मानसिंह परमार** ने कहा कि पत्रकारिता को अपना उत्तरदायित्व समझना चाहिए। इसके लिए गीता में कई ऐसे वचन हैं जो पत्रकारिता के उद्देश्य को लेकर सही मायने में रास्ता बताने में समर्थ हैं। मीडिया शिक्षा से आजकल नई पीढ़ी को पत्रकारिता का ज्ञान मिल रहा है, यह बात संतोषजनक है। **ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य क्षेत्रीय समन्वयक ब्र.कु. हेमलता दीदी** ने पत्रकारों में बढ़ रहे तनाव तथा अन्य मनोशारीरिक रोगों के निवारण के लिए राजयोग को सबसे कारगर उपाय बताया। **मूल्यानुगत मीडिया के सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर कमल दीक्षित** ने मूल्य आधारित मीडिया को समय की ज़रूरत बताया और कहा कि यदि यह मान लिया गया कि पत्रकारिता केवल व्यवसाय ही है तो आने वाला समय और ही चुनौतिपूर्ण हो जायेगा। **स्वराज्य एक्सप्रेस के वरिष्ठ विशेष संवाददाता पुष्पेन्द्र वैद्य** ने कहा कि आज हर दिन पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां आ रही हैं। पत्रकारिता को ग्लैमर, पैसा, कमिशन के रूप में देखने वाले लोग आ रहे हैं, इससे सच्ची पत्रकारिता खतरे में है। पत्रकारिता में अगर जुनून हो तो निश्चित ही इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य सफल होगा। **संजय द्विवेदी, अध्यक्ष, जनसंचार विभाग व रजिस्ट्रार, माखनलाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल** ने कहा कि मीडिया के बारे में अतिरिक्त चिंतायें जताई जा रही हैं, पर मैं समझता हूँ कि सबकुछ नष्ट नहीं हुआ है, हमें धैर्य से पत्रकारिता में आने वाली नकारात्मक बातों का मुकाबला करना चाहिए। **ब्र.कु. गंगाधर, संपादक, ओमशान्ति मीडिया, माउण्ट आबू** ने ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया प्रभाग की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि मीडिया में मूल्यों के प्रवाह हेतु मीडिया प्रभाग की स्थापना की गई। उसके लिए माउण्ट आबू से नित नवीन कार्यक्रमों का, उपक्रमों का आयोजन किया जाता है। **जलगांव उत्तर महाराष्ट्र विश्व विद्यालय के पत्रकारिता विभाग के डॉ. सोमनाथ वडनेरे** ने कहा कि समूचे भारत वर्ष में प्रथम बार मीडिया में मूल्यों के प्रवाह हेतु काम करने वाली संभवत यह प्रथम संस्था है। **अरविंद तिवारी, अध्यक्ष इंदौर प्रेस क्लब** ने कहा कि मीडिया को सदैव प्रोत्साहित करने वाले भ्राता ओमप्रकाश भाई जी की स्मृति में मीडिया संवाद का आयोजन ही उनको सही अर्थ में विशेष श्रद्धांजली होगी।


मीडिया संवाद में सम्बोधित करते हुए सम्पादक अमित मंडलोई। मंचासीन हैं प्रो. कमल दीक्षित, ब्र.कु. गंगाधर, ब्र.कु. हेमलता, कुलपति डॉ. मानसिंह परमार, संवाददाता पुष्पेन्द्र वैद्य, संजय द्विवेदी, अरविंद तिवारी तथा अन्य मीडिया से जुड़े लोग।

# जैसा संकल्प, वैसा बनता हमारा स्वरूप

### दो दिवसीय 'गहन राजयोग तपस्या शिविर' में दो हज़ार भाई बहनों ने लिया लाभ

**नीमच-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'मेरा तो एक दूसरा न कोई' गहन राजयोग तपस्या शिविर में माउण्ट आबू से आये राजयोगी ब्र.कु. सूर्य ने कहा कि जिस विचार को हम अपने लिए स्वीकार कर लेते हैं, चाहे वो नकारात्मक हो या सकारात्मक, धीरे-धीरे हमारा वही स्वरूप बनता जाता है। इसलिए प्रभु ध्यान के समय हमें सकारात्मक और शक्तिशाली संकल्पों का आह्वान करके ईश्वरीय शक्तियों को अपने अन्दर खींचना है। साथ-साथ उन्होंने ये भी कहा कि यदि हम परिस्थितियां बदल नहीं सकते तो उनको स्वीकार करके उनके अनुरूप स्वयं को ढ़ालें तो हमारा सामान्य जीवन भी आध्यात्मिक शक्तियों से सहज, सम्पन्न और खुशहाल बन जाएगा। कार्यक्रम में माउण्ट आबू से आईं मोटिवेशनल स्पीकर ब्र.कु. गीता ने कहा कि आप राजयोग की शक्तियों का प्रयोग जन कल्याण के लिए करें, क्योंकि राजयोग से प्राप्त शक्तियां तनाव को आनन्द में, बीमारी को स्वास्थ्य में, दु:खों को सुखों में, समस्या को समाधान में बदल सकती हैं। कार्यक्रम के संध्याकालीन सत्र में पीस ऑफ माइंड टीवी चैनल के लोकप्रिय एंकर ब्र.कु. रुपेश ने कॉमेन्ट्री द्वारा सभी को गहन सुख-शांति एवं आनन्द की गहरी अनुभूति कराई। कार्यक्रम के पश्चात् सबज़ोन संचालिका ब्र.कु. सविता ने आभार प्रकट किया।



# ब्रह्माकुमारीज़ 'राजयोग भवन' का भव्य उद्घाटन


नवनिर्मित 'राजयोग भवन' का उद्घाटन करते हुए राजयोगिनी दादी जानकी। साथ हैं क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. राज दीदी, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. धीरज बहन, ब्र.कु. गंगाधर, चांद मिश्रा, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. शारदा, ब्र.कु. नेहा, अहमदाबाद तथा अन्य।

**वडोदरा-गुज.।** ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी के पावन हस्तों द्वारा मंजलपुर में नवनिर्मित 'राजयोग भवन' का उद्घाटन किया गया। दादी जी ने कहा कि इस विस्तार में शांति के इच्छुक लोगों के लिए ये भवन एक वरदान साबित होगा। जैसे मोबाइल की बैटरी डाउन होते ही चार्जर खोजते हैं, इसी तरह शरीर के साथ आत्मा के लिए ये स्थान चार्जिंग का केन्द्र बनेगा। दादी ने कहा कि कार्यव्यवहार करते हुए अपने को चार्ज करने के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालें। तब ही दिन भर आने वाली परिस्थितियों और चुनौतियों का सहज और शांति से सामना कर सकेंगे। सांसद रंजना बहन भट्ट ने कहा कि वडोदरा की सांस्कृतिक नगरी में दादी जी का आना हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है। दादी जी को देखते ही शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि इस भवन से कइयों को शांति की सही राह मिलेगी। पार्षद जावेरी जी ने कहा कि ये हर धर्म का स्थान है। सभी धर्म वालों को शांति प्रिय है। ऐसे में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा नवनिर्मित राजयोग भवन राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मनुष्य को मानसिक शांति प्रदान करेगा। इस मौके पर क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. राज दीदी ने सबको यहां आकर मेडिटेशन सीखने का आह्वान किया और आये हुए सभी मेहमानों को शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. धीरज बहन ने भाव भरे शब्दों में सबका स्वागत किया तथा दादी के आने पर अपनी असीम खुशी ज़ाहिर की। साथ ही सभी से परमात्मा द्वारा सिखाये जा रहे राजयोग का लाभ लेने का अनुरोध किया। इस मौके पर क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. डॉ. निरंजना, अहमदाबाद से आईं वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. शारदा, माउण्ट आबू से आये ओमशान्ति मीडिया के सम्पादक ब्र.कु. गंगाधर ने भी अपने विचार वयक्त किये। वडोदरा के आसपास के क्षेत्र के हज़ारों भाई बहनें दादी जी को सुनने के लिए पहुंचे। मुम्बई से विशेष तौर पर आये चांद मिश्रा जी ने भी अपनी शुभकामनायें दीं।

# नये वर्ष पर नये उत्साह के साथ लिये नये संकल्प


सेवाकेन्द्र के सिल्वर जुबली तथा नये वर्ष के कार्यक्रम में कैंडल लाइटिंग करते हुए क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. प्रेमलता, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरचरन सिंह, उपक्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. रमा तथा अन्य ब्र.कु. भाई बहनें।

**ब्रह्माकुमारीज़ ने नव वर्ष के आगमन पर किया भव्य कार्यक्रम**

**इस अवसर पर दो मास के आध्यात्मिक कार्यक्रमों की बनी योजना**

**मोहाली-पंजाब।** सेवाकेन्द्र पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नूरपूरबेदी, रोपड़, कुराली, मोरिंडा, चण्डीगढ़ आदि से बड़ी संख्या में आये लोगों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, गीत, कविता, नाटक, स्किट, रिश्तों में सद्भावना, गिद्दा, हरियाणवी व हिमाचली नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, बीते वर्ष के कार्यक्रमों की झलकियां व नववर्ष की योजनाओं की प्रस्तुति उल्लेखनीय थी। क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेमलता ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजयोग द्वारा सभी के प्रति हर रोज़ कम से कम पंद्रह मिनट शुभ कामनाओं के प्रकम्पन फैलायें ताकि संसार में पवित्रता, शांति, प्रेम, सद्भावना व आपसी भाईचारा मज़बूत हो। उन्होंने इस अवसर पर संतुष्टता के गुण को अपनाने पर भी बल दिया। पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गुरचरन सिंह व मुम्बई से आये कई मल्टीनेशनल कंपनीज़ के पूर्वाध्यक्ष एन.एस. कलसी मुख्य अतिथि के रूप में तथा अमृतसर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक विपिन अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपक्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. रमा ने वर्ष 2019 के आगामी दो मास में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा बताया कि 18 जनवरी को विश्व शांति दिवस पर सात तथा शिवरात्रि से सम्बंधित अठारह कार्यक्रम किये जायेंगे। इसके अलावा योग प्रतियोगिता होगी जिसके अंतर्गत जो भी भाई बहन निर्धारित नियमों व मर्यादाओं का पालन करते हुए विश्व शांति के लिए कम से कम एक घंटा योगदान करेंगे, उनमें से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी राजयोग केन्द्रों की समर्पित राजयोग शिक्षिकाओं व गीता पाठशालाओं के निमित्त भाई बहनों ने सामूहिक रूप से केक काट कर नव वर्ष का आगाज़ किया। ब्र.कु. प्रवीण ने मंच का संचालन किया।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 12th Jan 2019
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।